





राजधानी में रविवार को आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा के दौरान युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मुख्यमंत्री निवास से बुलट पर सवार होकर तिरंगा हाथ में लेकर टीटी नगर स्टेडियम पहुंचे। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने अपने निवास पर तिरंगा फहराया।

## खास खबरें

### बस से युवती को ले जाने का मामला दर्ज

**नप्र, भोपाल :** रातीबड़ थाना क्षेत्र में बस से युवती को ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार ग्राम बिसनखेड़ी निवासी मोतीलाल ने शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बसंती पुत्री मोतीलाल, उम्र 42 वर्ष, को ले जाने का उल्लेख है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

### बैंक के पास से युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

एमपी नगर थाना क्षेत्र के जोन-1 में बैंक के पास से 22 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार ब्रजबकिशोर कुशवाहा ने शिकायत दर्ज कराई। उनकी पुत्री शशी कुशवाहा बिना बताए कहीं चली गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

### बागमुगलिया से 19 वर्षीय युवती लापता

बागमुगलिया थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती के लापता होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है। एफ-21 क्षेत्र निवासी अनिल सेन की पुत्री मुस्कान सेन बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। पुलिस युवती की तलाश के साथ उसके संभावित ठिकानों और संपर्कों की जानकारी जुटा रही है।

### एक्टिवा चोरी

ऐशबाग थाना क्षेत्र के ओल्ड सुभाषनगर से एक्टिवा चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार नीरज जाट की एक्टिवा क्रमांक एमपी04 एसएल 7615, जिसकी कीमत करीब 22 हजार रुपये बताई गई है, अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

### एमपी नगर से बाइक चोरी

एमपी नगर थाना क्षेत्र में पंजाब बूट हाउस के पास से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार पंकज सिंह चौहान की होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी04 एनएक्स4176 अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया। वाहन की कीमत करीब 15 हजार रुपये बताई गई है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### बरकतउल्ला गेट के सामने से बाइक चोरी

बागसेवनिया थाना क्षेत्र में बरकतउल्ला गेट के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार राजेश कुमार साहू की होंडा मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी04 क्यूएफ5030 को अज्ञात आरोपी ले गया। वाहन की कीमत करीब आठ हजार रुपये बताई गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### डंपर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला

एमपी नगर थाना क्षेत्र के जोन-2 में तेज और लापरवाही से डंपर चलाकर टक्कर मारने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार संजीव सिंह ठाकुर के डंपर क्रमांक एमपी04 वायएस2616 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाकर टक्कर मारी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# एक मुद्दा, दो मोर्चेः रहवासी टॉर्च लेकर निकले, व्यापारी छाता लेकर






**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में रविवार शाम आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर एक ही मुद्दे पर दो अलग-अलग प्रदर्शन हुए। रहवासी टॉर्च लेकर सड़कों पर उतरे तो व्यापारियों ने छाता रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की। दोनों पक्षों की मांगें अलग रहीं।

रहवासियों ने अवैध निर्माण, अतिक्रमण और आवासीय क्षेत्रों में बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों पर सख्ती की मांग की, जबकि व्यापारियों ने कमर्शियल गतिविधियों को लेकर जारी नोटिसों का विरोध करते हुए नया मास्टर प्लान और मिक्स लैंड यूज लागू करने की मांग उठाई।

**टॉर्च जलाकर बोले रहवासी— बचाइए कॉलोनियों का स्वरूपः** शाम 7 बजे महावीर द्वार (7 नंबर बस स्टॉप) से संयुक्त रहवासी संघर्ष समिति के नेतृत्व में टॉर्च लाइट मार्च निकाला गया। इसमें 30 से अधिक रहवासी समितियों के सदस्य शामिल हुए।

हाथों में टॉर्च लेकर रहवासियों ने अवैध निर्माण, अतिक्रमण और आवासीय क्षेत्रों में बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नारेबाजी की। रहवासियों का कहना था कि कॉलोनियों में घरों के आसपास व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ने से पार्किंग, ट्रैफिक, शोर और सुरक्षा जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उनका आरोप है कि इससे आवासीय क्षेत्रों का मूल स्वरूप प्रभावित हो रहा है। समिति ने प्रशासन से नियमों का सख्ती से पालन कराने और अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की मांग की।

**छाता लेकर निकले व्यापारी, बोले—नीति बदलिएः** दूसरी ओर भोपाल व्यापारी महासंघ के आह्वान पर बावड़िया कला स्थित महिंद्रा पेट्रोल पंप से औरा मॉल तक छाता रैली निकाली गई। व्यापारियों ने एक हाथ में तिरंगा और दूसरे में मांगों की तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया।

व्यापारियों ने रेजिडेंशियल प्लॉट पर व्यावसायिक गतिविधियां बंद करने संबंधी नोटिसों का विरोध किया। उनका कहना है कि वर्षों से जिन क्षेत्रों में कारोबार चल रहा है, वहां अचानक कार्रवाई होने से बड़ी संख्या में कारोबारी और उनसे जुड़े परिवार प्रभावित होंगे। व्यापारियों ने शीघ्र नया मास्टर प्लान लागू करने, मिक्स लैंड यूज की अनुमति देने और गुजरात मॉडल-2022 जैसी व्यवस्था लागू करने की मांग की। उनका तर्क है कि बदलते शहर और बढ़ती जरूरतों के अनुसार भू-उपयोग की नीति में भी बदलाव होना चाहिए।

### सड़क पर दिखी लैंड यूज की बड़ी बहस

रविवार को हुए दोनों प्रदर्शनों ने राजधानी में लैंड यूज और मास्टर प्लान को लेकर चल रही बहस को एक बार फिर सामने ला दिया। रहवासी चाहते हैं कि आवासीय इलाकों की शांति, सुरक्षा और मूल प्रकृति बनी रहे, जबकि व्यापारी मौजूदा कारोबारी गतिविधियों को नियमित करने के लिए नीतिगत राहत की मांग कर रहे हैं। अब निगाह प्रशासन पर है कि रहवासियों की शिकायतों और व्यापारियों की मांगों के बीच संतुलन बनाकर शहर के लिए ऐसी नीति कैसे तैयार की जाती है, जिससे कारोबार भी चले और आवासीय क्षेत्रों की व्यवस्था भी प्रभावित न हो।

## नर्मदा जल से आज होगा भगवान पशुपतिनाथ का महाअभिषेक



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सावन माह के पावन अवसर पर बुधनी घाट से नर्मदा जल लेकर निकली कांवड़ यात्रा रविवार को गोविंदपुरा स्थित श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंच गई।

सोमवार सुबह 8 बजे कांवड़ियों द्वारा लाए गए पवित्र नर्मदा जल से भगवान पशुपतिनाथ का भव्य महाअभिषेक किया जाएगा। इसके बाद विशेष पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण होगा।

श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज के अध्यक्ष लोकमणी घिमिरे ने बताया कि यात्रा में 350 से अधिक कांवड़िए शामिल हैं। कांवड़ यात्रा 8 अगस्त को सुबह बुधनी घाट से शुरू हुई थी। मंडीदीप में रात्रि विश्राम के बाद रविवार सुबह यात्रा भोपाल के लिए रवाना हुई। दोपहर में हबीबगंज स्थित गणेश मंदिर पहुंचने के बाद यात्रा विशाल चल समारोह में बदल गई।

कांवड़ यात्रा शनि मंदिर, 10 नंबर मार्केट, ओल्ड कैंपियन, सात नंबर स्टॉप, नूतन कॉलेज, छह नंबर मार्केट, बोर्ड ऑफिस चौराहा, ज्योति टॉकीज, चेतक ब्रिज और सुभाष नगर होते हुए पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया।

सात नंबर बस स्टॉप, छह नंबर मार्केट और बोर्ड ऑफिस सहित कई स्थानों पर विभिन्न समाजों के लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत कर सामाजिक समरसता और धार्मिक सद्भाव का संदेश दिया।

## जैन यूथ क्लब ने आयोजित की पहली जैन बिजनेस मीट

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जैन यूथ क्लब की ओर से पहली जैन बिजनेस मीट का आयोजन किया गया। इसमें जैन समाज के उद्यमियों, व्यवसायियों और पेशेवरों ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन के लिए 80 से अधिक पंजीयन प्राप्त हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के व्यवसायियों को एक मंच पर लाकर आपसी सहयोग, व्यावसायिक साझेदारी और नए अवसरों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में महेंद्र जोशी ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यवसायियों ने अपना परिचय और व्यवसाय की जानकारी साझा की।

साथ ही भविष्य में आपसी सहयोग और व्यापारिक अवसरों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। आयोजन जैन यूथ क्लब के अध्यक्ष अंकुर पितलिया और सचिव पीयूष जैन के नेतृत्व में उनकी टीम ने किया। क्लब ने भविष्य में भी ऐसी गतिविधियां जारी रखने और समाज के व्यवसायिक समुदाय को मजबूत नेटवर्क के रूप में जोड़ने का संकल्प लिया।

# शीशमहल की जगह बनेगी बहुमंजिला पार्किंग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुराने भोपाल के मोती मस्जिद-चौक बाजार क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही पार्किंग समस्या के समाधान की उम्मीद एक बार फिर जगी है। इकबाल मैदान के पास स्थित ऐतिहासिक शीश महल की करीब 2.15 एकड़ जमीन पर बहुमंजिला पार्किंग विकसित करने की योजना को आगे बढ़ाने के लिए सांसद आलोक शर्मा पहल करेंगे।

इससे मोती मस्जिद, चौक बाजार और आसपास के व्यस्त बाजारों में आने वाले लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। मोती मस्जिद क्षेत्र में पार्किंग की सीमित व्यवस्था के कारण सड़कों और आसपास की गलियों में वाहनों का दबाव बना रहता है। व्यापारियों और स्थानीय रहवासियों की लंबे समय से मांग है कि क्षेत्र में स्थायी और पर्याप्त पार्किंग सुविधा विकसित की जाए। इसी जरूरत को देखते हुए शीश महल की जमीन को पार्किंग के रूप में उपयोग करने का प्रस्ताव फिर सामने आया है।

**व्यापारियों के साथ बैठक में उठा मुद्दाः** 8 अगस्त को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सांसद आलोक शर्मा ने व्यापारियों के साथ पार्किंग, बैरिकेडिंग और अतिक्रमण को लेकर चर्चा की। इसी दौरान शीश महल की जगह बहुमंजिला पार्किंग बनाने की योजना पर भी बात हुई। सांसद ने इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराने की पहल की बात कही। हालांकि, फिलहाल डीपीआर मंजूरी, जमीन हस्तांतरण, टेंडर, तोड़फोड़ या निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। इसलिए योजना अभी प्रस्ताव के स्तर पर ही है।

**नवाबी दौर से इकबाल तक जुड़ा इतिहास :** इकबाल मैदान में स्थित शीश महल पुराने भोपाल की ऐतिहासिक इमारतों में शामिल है। इसका संबंध भोपाल रियासत के नवाबी दौर से माना जाता है। यह भवन महान शायर अल्लामा इकबाल के भोपाल प्रवास से भी जुड़ा रहा है। बताया जाता है कि 1930 के दशक में इकबाल यहां ठहरे थे और उनकी कई रचनाओं से इस स्थान का संबंध माना जाता है। आजादी के बाद शीश महल सरकारी संपत्ति और पीडब्ल्यूडी के अधीन आ गया। लंबे समय तक यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कैलाश सारंग रहे। उनके बाद उनके पुत्र और प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग भी यहां रहे। विश्वास सारंग के अपने बंगले में शिफ्ट होने के बाद से यह भवन खाली है।

**वर्षों पुरानी योजना को फिर मिलेगी रफ्तार :** शीश महल की जगह पार्किंग बनाने का प्रस्ताव कई वर्षों से चर्चा में है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में भी इस पर सहमति बनी थी। जनवरी 2026 में भी यह सुझाव दोबारा सामने आया था।

अब सांसद की पहल से उम्मीद है कि प्रस्ताव आगे बढ़ेगा। यदि योजना जमीन पर उतरती है तो मोती मस्जिद और चौक बाजार क्षेत्र में पार्किंग की समस्या कम होने के साथ यातायात व्यवस्था में भी सुधार की उम्मीद है।

## सालाना समागम में अखंड पाठ साहिब का समापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुराना सुभाष नगर स्थित संत बाबा जोगा सिंह गुरुद्वारा में आयोजित सालाना यज्ञ समागम के तहत रविवार को दूसरे अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ। इसकी सेवा सुशीला बतरा परिवार को प्राप्त हुई। इस अवसर पर सेवादार जागीर कौर ने संत बाबा धरमसिंह और संत बाबा जोगा सिंह के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। ज्ञानी जी ने अरदास कर संगत को सेवा, सिमरन और मानवता के प्रति समर्पण का संदेश दिया। सेवादार सरवनैन कौर और अनिल चावला ने बताया कि सालाना समागम के समापन अवसर पर 14 सितंबर को विशेष कीर्तन का आयोजन होगा। बजे तक रागी जत्था भाई सुखप्रीत सिंह, लखनऊ वाले, के नेतृत्व में संगत को कीर्तन से निहाल करेंगे।

**सम्मान** *भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र का पूजन ....*

# वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज का स्थापना दिवस समारोह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज मप्र का 28वां स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को जेके अस्पताल परिसर स्थित सीएमई सभागार में उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र के पूजन से हुआ। सुशीला चौकसे ने सहस्त्रबाहु गीत प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि महापौर मालती राय रहीं। अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयनारायण चौकसे ने की। विशिष्ट अतिथियों में पूनम चौकसे, पूर्व मंत्री मंजू राय, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण वित्त विभाग के अध्यक्ष रवि मालवीय और राष्ट्रीय कलचुरि एकता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय शामिल रहे।

समारोह में वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं सहित विभिन्न परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ समाजसेवियों तथा वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे करने वाले दंपतियों का भी अभिनंदन किया गया। सहस्त्रबाहु-महिष्मती विरासत को फिल्म निर्माण के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए डॉ. एलएन मालवीय, रमाशंकर शिवहरे और ओमप्रकाश गुरेले को सम्मानित किया गया। समारोह में 32 बच्चों को छात्रवृत्ति के रूप में आर्थिक सहायता भी दी गई।

### प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को अंतिम मौका

**नप्र, भोपाल :** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में उच्च शिक्षा में प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों को प्रवेश का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग ने शासकीय, अनुदान प्राप्त और निजी महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए अतिरिक्त कालेज स्तरीय काउंसलिंग शुरू करने का निर्णय लिया है। यह प्रक्रिया 10 से 14 अगस्त तक चलेगी। अतिरिक्त कालेज स्तरीय काउंसलिंग में उपलब्ध रिक्त सीटों पर पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थियों और संबंधित महाविद्यालयों के प्रवेश खातों पर उपलब्ध रहेगी। पंजीकृत विद्यार्थी सीट उपलब्ध होने पर सीधे संबंधित महाविद्यालय पहुंचकर शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकेंगे।नवीन पंजीकृत विद्यार्थी इस चरण में केवल एक महाविद्यालय का विकल्प चुन सकेंगे।

## सेवा भारती ने किया 62 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेवा भारती मध्यभारत, भोपाल विभाग की ओर से रविवार को कैरियर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इसमें वर्ष 2025-26 की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 62 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. गौरव तिवारी रहे। अध्यक्षता राठी कोचिंग क्लासेस के संचालक मितेश राठी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय ठेकेदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत शुक्ला और सेवा भारती मध्यभारत प्रांत के संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे। सेवा भारती महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने कहा कि यह पहल अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी।

संचालन डॉ. शैलेंद्र सिंह ने किया, जबकि आभार राजेश कुमार रमतानी ने व्यक्त किया। सेवा भारती के प्रवक्ता भगवानदास ढालिया ने यह जानकारी दी।